उत्तर प्रदेश सरकार

उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड

19 सी, तुलसी गंगा कॉम्पलेक्स, विधानसभा मार्ग,
लखनऊ, उत्तर प्रदेश–226001

सूचना/विज्ञप्ति

आरक्षी नागरिक पुलिस एवं आरक्षी पी0ए0सी0 के पदों पर सीधी भर्ती–2018 की प्रक्रिया के अन्तर्गत (1) अभिलेखों की संवीक्षा एवं शारीरिक मानक परीक्षण (2) शारीरिक दक्षता परीक्षा आयोजित किये जाने के सम्बन्ध में सूचना।

संख्याः पीआरपीबी–एक–1(140)/2018 दिनांकः दिसम्बर 03 ,2018

आरक्षी नागरिक पुलिस एवं आरक्षी पी0ए0सी0 के पदों पर सीधी भर्ती–2018 के अन्तर्गत लिखित परीक्षा के आधार पर अभिलेखों की संवीक्षा एवं शारीरिक मानक परीक्षण हेतु अर्ह पाये गये अभ्यर्थियों के सम्बन्ध में सूचना बोर्ड की वेबसाइट http://uppbpb.gov.in पर दिनांक 04–12–2018 को अपरान्ह 1400 बजे प्रदर्शित की जायेगी। अभ्यर्थी अपना परिणाम पंजीकरण संख्या तथा जन्मतिथि की प्रविष्टि करके देख सकते है।

2– आरक्षी नागरिक पुलिस एवं आरक्षी पी0ए0सी0 के पदों पर सीधी भर्ती–2018 के अन्तर्गत लिखित परीक्षा में सफल पाये गये अभ्यर्थियों से कुल रिक्तियों की संख्या को दृष्टिगत रखते हुये योग्यता के आधार पर 1.5 गुना अभ्यर्थियों को अभिलेखों की संवीक्षा एवं शारीरिक मानक परीक्षण हेतु बुलाया जा रहा है।

(अ) अभिलेखों की संवीक्षा एवं शारीरिक मानक परीक्षण (DV/PST)

आरक्षी नागरिक पुलिस एवं आरक्षी पी0ए0सी0 के पदों पर सीधी भर्ती–2018 के अन्तर्गत लिखित परीक्षा के आधार पर अभिलेखों की संवीक्षा एवं शारीरिक मानक परीक्षण हेतु अर्ह पाये गये अभ्यर्थियों की अभिलेखों की संवीक्षा एवं शारीरिक मानक परीक्षण दिनांक 05–12–2018 से 18 परिक्षेत्रीय मुख्यालय के जनपद– कानपुर नगर, झाँसी, गोरखपुर, बस्ती, गोण्डा(देवीपाटन), लखनऊ, अयोध्या, आगरा, अलीगढ़, बरेली, मुरादाबाद, मेरठ, सहारनपुर, वाराणसी, आजमगढ़, मीरजापुर, प्रयागराज एवं बाँदा में आयोजित की जायेगी।

अभिलेखों की संवीक्षा एवं शारीरिक मानक परीक्षण हेतु अर्ह अभ्यर्थियों के प्रवेश–पत्र दिनांक 04–12–2018 से बोर्ड की वेबसाइट http://uppbpb.gov.in पर उपलब्ध होंगे, जिन्हें अभ्यर्थी डाउनलोड कर प्रवेश–पत्र में अंकित परीक्षा केन्द्र पर निर्धारित तिथि व समय पर प्रवेश–पत्र में उल्लिखित मूल अभिलेखों के साथ उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे।

(ब) शारीरिक दक्षता परीक्षा (PET)

अभिलेखों की संवीक्षा एवं शारीरिक मानक परीक्षण में सफल अभ्यर्थियों की शारीरिक दक्षता परीक्षा दिनांक 07–12–2018 से 11 जनपदों– कानपुर नगर, झाँसी, गोरखपुर, लखनऊ, अयोध्या, आगरा, बरेली, मेरठ, सहारनपुर, वाराणसी एवं प्रयागराज में आयोजित की जायेगी।

शारीरिक दक्षता परीक्षा हेतु अभ्यर्थियों के प्रवेश–पत्र, अभिलेखों की संवीक्षा एवं शारीरिक मानक परीक्षण में सफल घोषित होने के उपरान्त उसी दिन परीक्षण स्थल पर ही प्राप्त कराये जायेंगे। अभ्यर्थियों से अपेक्षा की जाती है कि वह प्रवेश–पत्र प्राप्त कर प्रवेश–पत्र में अंकित परीक्षा केन्द्र पर निर्धारित तिथि व समय पर उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे।

3– अभ्यर्थियों की अभिलेखों की संवीक्षा एवं शारीरिक मानक परीक्षण तथा शारीरिक दक्षता परीक्षा की कार्यवाही इस बोर्ड की वेबसाइट http://uppbpb.gov.in पर प्रदर्शित की गयी विज्ञप्ति संख्याः पीआरपीबी–एक–1(141)/2018 दिनांकित 23–11–2018 में दी गयी प्रक्रिया के अनुसार आयोजित की जायेगी।

4– अभ्यर्थियों से अपेक्षा की जाती है कि वह अभिलेखों की संवीक्षा एवं शारीरिक मानक परीक्षण तथा शारीरिक दक्षता परीक्षा हेतु निर्गत किये जा रहे प्रवेश–पत्र पर दिये गये निर्देशों का अध्ययन कर अनुपालन सुनिश्चित करेंगे।

5– यद्यपि इस सूचना को वेबसाइट पर अपलोड किये जाने में पर्याप्त सावधानी बरती गयी है, फिर भी किसी प्रकार की तकनीकी त्रुटि के लिये बोर्ड उत्तरदायी नहीं होगा और न ही त्रुटिपूर्ण अंकन का किसी को किसी प्रकार का लाभ या अधिकार प्राप्त होगा या अनुमन्य होगा।

अपर सचिव, भर्ती
उ0प्र0 पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड,
लखनऊ।